## महत्वपूर्ण एवं खास

### चेंबर द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान 7 मार्च को

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई द्वारा आगामी 7 मार्च दिन गुरुवार को शाम 4 बजे स्थानीय अग्रोहा भवन में रायगढ़ जिले के नवनिर्वाचित पांचों विधानसभा के माननीय विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में आम नागरिक उद्योगपति व्यापारी बंधु पत्रकार गण और सामाजिक धार्मिक संस्थाएं सभी को आमंत्रित किया गया है। चेंबर ने कहा है कि अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि इस बार जिले के खरसिया क्षेत्र के युवा एवं लोकप्रिय विधायक उमेश पटेल को राज्य के मंत्रिमंडल में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री तथा साथ ही रायगढ़ के प्रभारी मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। जिससे पूरा जिला गौरान्वित है। अतः मंत्री उमेश पटेल लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़ माननीय प्रकाश नायक विधायक रायगढ़ माननीय चक्रधर सिदार विधायक लैलूंगा और श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़ का सम्मान आप सभी के सानिध्य में किया जाना है। जिले के समस्त आम नागरिकों उद्योगपतियों व्यापारी बंधुओं पत्रकार बंधुओं सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया इस गरिमामय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### हाईस्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी परीक्षा में 20528 परीक्षार्थी हुए शामिल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आज हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2019 (कक्षा 10 वीं) के हिन्दी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य विषय में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 21083 थी जिनमें 20528 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 555 अनुपस्थित रहे।

### अब रायगढ़ की 11 पंचायतों में पीडीएस में मिलेगा चना

रायगढ़। आदिवासी ब्लाक में सरकार द्वारा पीडीएस में चना दिए जाने के बाद अब रायगढ़ ब्लाक में भी इसे लागू किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की माडा योजना के तहत गैर आदिवासी ब्लाक के रूप में रायगढ़ ब्लाक को भी चुना गया है। नियमों के अनुसार कुल जनसंख्या में 50 प्रतिशत से अधिक अनूसूचित जनजाति रहने या 10 हजार से अधिक की अनूसूचित जनताति की संख्या होने पर इसे लागू किया जाता है। जिससे रायगढ़ ब्लाक में कुल 11 पंचायतें ऐसी मिली हैं। अब इन पंचायतों में राशन कार्डधारियों को हर महीने 2 किलो चना 5 रूपए की दर से पीडीएस में दिया जाएगा। फूड इस्पेक्टर चितरंजन सिंह ने बताया कि राशन दुकानों में इसके वितरण के लिए व्यवस्था कर ली गइ है और पीडीएस आपरेटरों को इसके समुचित भंडारण के लिए भी निर्देश दिया है। रायगढ़ ब्लाक में चना वितरण के लिए जिन पंचायतों को चुना गया है। उसमें कुशवाबहरी, परसदा, लाखा, बंगुरसिया, नावागांव, संबलपुरी, पंडरीपानी पूर्व, गोपालपुर, झारमुड़ा, डोंगाधकेल व बलभद्रपुर पंचायत की राशन दुकान को इसमें शामिल किया गया है।

### टीएल बैठक पांच को

रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में 4 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण आयोजित होने वाले साप्ताहिक समय सीमा (टीएल) बैठक अब 5 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

# प्रतिष्ठा हाईट्स के छठवें मंजिल में बंद कमरे में मिला युवक की लाश

## सीएसपी के निर्देशन दरवाजा तोड़ के निकाला गया शव

रायगढ़। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामभांटा स्थित पुराना बस डिपो के पास प्रतिष्ठा बिल्डिंग के छठवें मंजिल पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को दरवाजा तोड़कर बाहर निकालते हुए मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार युवक अनूप केड़िया पिता गणेश केडिया उम्र 38 वर्ष साल है। बताया जा रहा है कि साल भर पहले उसका विवाह हुआ था। जहां पुराने मकान देवघर से शिफ्ट नामचीन कालोनी प्रतिष्ठा हाईट्स में छठवें मंजिल में मकान किराए में लिया था जिसकी साफ सफाई व रंग रोगन करवा रहा था। गुरुवार सुबह 11 बजे मृतक घर से निकला था जहां रात तक वापस नही आया । इस पर परिजन पड़ताल करते फोन लगाए जहां मोबाइल बंद आया। इसके पश्चात परिवार के सदस्यों ने ईस्ट मित्र रिश्तेदार को सूचित करते हुए पड़ताल कर रहे थे। कालोनी के गार्ड ने मृतक को अंदर जाते देखा परंतु बाहर नहीं निकलते देख सुध ली तो अंदर नजारा देख अचंभित हो गया। इसकी सूचना आसपास के लोगो को दी गई जिस पर मौके पर परिजन व पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए ताला तोड़कर शव को बाहर निकाला गया।

जिसमें सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। बहरहाल घटना की सूचना के बाद मौके नव पदस्थापित सीएसपी अविनाश ठाकुर, कोतवाली टीआई ध्रुव मार्कण्डेय के साथ फोरेंसिक टीम व पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही पुलिस जांच में जुट गई है।

### मिला सुसाइड नोट आर्थिक तंगी की आशंका

प्रतिष्ठित कालोनी में फांसी लगाकर युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने की खबर से खलबली मच गई। शहर में तरह तरह की चर्चा होने लगी। जहां जांच के बाद पुलिस को मृतक के कब्जे से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमे आर्थिक तंगी की बात सामने आ रही है। वही बताया जा रहा है कि मृतक किसी फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था और उस कंपनी के तगादे का उसपर काफी दवाब था। परंतु इस मामले में कौन से फाइनेंस कंपनी से लोन लिया गया कितना लोन था इस पर जांच किये जाने की बात पुलिस कह रही है।

# मरम्मत कराने जा रहे छोटा हाथी को ट्रक ने ठोका, एक की मौत

रायगढ़। सड़क दुघर्टना के नाम पर मशहूर रायगढ़ -घरघोड़ा मार्ग में टाटा मैजिक छोटा हाथी और ट्रक की आमने -सामने टक्कर होने के बाद घायल को जिंदल अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया जहां एक चोटिल ने आधी रात दम तो दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार इंदिरा नगर निवासी मंसूर अली सत्या आटो में काम करता था। उसके साथ घनश्याम सिदार टाटा एस से गाड़ी मरम्मत कराने जा गेरवानी जा रहे थे । इसी दौरान लाखा केलो डेम के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक भारी वाहन ट्रक से भिड़ंत हो गई थी। घटना कारित करने वाली ट्रक उड़ीसा पासिंग बताई जा रही है। टाटा मैजिक को ठोकर मारने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने ओर बिजली के खंभे से टकराकर रूक गई। मामले की खबर लगते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मंसूर अली व उसके साथी को जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान गंभीर मंसूर की मौत लगभग रात 9 बजे हो गई। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर आगे की करवाई कर रही है।

# हिंदी के पेपर में पूछा स्वच्छता में छात्रों का क्या योगदान

रायगढ़। जिले में 142 परीक्षा केन्द्र में शुरू हुई बोर्ड परीक्षा में पहले दिन 555 छात्र अनुपस्थित रहे हैं। शुक्रवार को दसवी के हिंदी के पेपर में स्वच्छ भारत मिशन की छाप दिखी है और हाई स्कूल के छात्रों से स्वच्छता में उनका योगदान पर निबंध लिखने कहा गया था जिससे छात्रों ने अपनी बुद्धि कौशल के अनुसार स्वच्छता पर लेख लिखा है। जिले में शुक्रवार से बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई। शिक्षा विभाग ने142 परीक्षा केन्द्रों के लिए उड़नदस्ते की 9 टीमें बनाई थी लेकिन हिंदी के पेपर में किसी तरह का नकल प्रकरण नहीं बन सका है। बोर्ड ने इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में बदलाव किया है और छात्रों के नाम एवं रोल नंबर अंकित वाली उत्तरपुस्तिकाएं दी गई है। बोर्ड ने इस बार उत्तरपुस्तिका के आकार में भी बदलाव किया है। इसके अलावा गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस बार मूल्यांकन से पहले उत्तर पुस्तिकाओं में स्टीकर लगाने का भी सिस्टम बदल गया है। जिसके कारण कई परीक्षा केन्द्रो में शिक्षक नए नियमों के चक्कर में उलझे रहे।



# शांतनु देशलहरे व बीआर साहू एडीजे बने

रायगढ़। छत्तीसगढ़ उच्च नंयायालय ने आज न्यायाधीशों की प्रमोशन लिस्ट जारी की जिसके लिये 70 लोगों के नामों का रिकमडेंशन किया गया था लेकिन सिर्फ 39 लोगों को ही प्रमोट किया गया जिसमें से रायगढ़ के दो न्यायाधीशों का नाम इसमें शामिल है जिला विधीक सचिव शांतनु देशलहरे व सीजीएम बलराम साहू को एडीजे के पद पर नियुक्त किया गया हैं इसके अलावा अमित राठौर को भी पदोन्नत करते हुये एडीजे बनाया गया हैं वे पहले रायगढ़ में न्यायाधीश के पद पर पदस्थ थे अभी सिर्फ प्रमोशन लिस्ट जारी की गयी नियुक्ति का स्थान नहीं बताया गया है।

**हाई कोर्ट ने किया प्रमोशन लिस्ट जारी**

# डाटा एन्ट्री आपरेटर विनोद कुमार पटेल की सेवा समाप्ति

रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा जनपद पंचायत बरमकेला, वर्तमान पदस्थापना-पुसौर के तत्कालीन संविदा डाटा एन्ट्री आपरेटर विनोद कुमार पटेल को ग्राम पंचायत पोरथ के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की स्वीकृति वरीयताक्रम के अनुरूप नहीं किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। उक्त संबंध में श्री पटेल द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने एवं जनहित के अनुरूप कार्य न कर अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही पाया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा 4 से 13 मार्च तक

## बुढ़ी माई की भव्य कलश यात्रा 12 मार्च को

रायगढ़। बूढ़ी माई की जय देवांगन समाज रायगढ़ द्वारा देवांगन धर्मशाला रायगढ़ में 4 से 13 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन एवं 12 मार्च मंगलवार को बूढ़ी माई की भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 4 मार्च को शिव बारात शाम 4 बजे देवांगन धर्मशाला से धूमधाम से निकलेगी। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का वाचन शिवनी-चाम्पा के श्रद्धेय पं.हरगोविन्द पाण्डेय महाराज करेंगे जिसमें प्रतिदिन आरती प्रातः 8 बजे से प्रातः 9 बजे तक, कथा वाचन अपरान्ह 3 बजे से संध्या 6 बजे तक एवं भजन संध्या एवं अन्य कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। युवा देवांगन समाज ने समस्त देवांगन बंधुओं से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि श्रीमद् भागवत कथा एवं कलश यात्रा में शामिल होकर समाज की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को बढ़ाने में सहयोग करें एवं पूण्य के भागी बनें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480